हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार

**PAGE NO 5: BOTTOM**




एसआरएमएस फ्रेंडशिप कप का फाइनल मुकाबला एसआरएमएस किंग्स ने जीता।

# एसआरएमएस किंग्स ने जीता फ्रैंडशिप कप

बरेली, मुख्य संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को एसआरएमएस फ्रेंडशिप कप सीजन 3 का फाइनल मुकाबला हुआ। आईएमए बरेली को सात विकेट से हरा कर एसआरएमएस किंग्स ने खिताब अपने नाम किया। आईएमए बरेली के कप्तान डा. आरपी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए। जवाब में एसआरएमएस किंग्स को जीत के लिए 7 गेंदों पर 18 रन की जरूरत थी। इस मुश्किल समय पर कप्तान आदित्य मूर्ति ने छक्का लगाया। अंतिम गेंद पर जीत के लिए 3 रनों की जरूरत को डा. रेहान ने पूरा किया और टीम का स्कोर 196 पहुंचाया।